प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 14.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- उदयपुर में आज से राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस का आयोजन–विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्री भाग लेंगे।
- केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सभी से खादी अपनाने का आह्वान किया है।
- राज्य सरकार ने 6 लाख कर्मचारियों को दीपावली बोनस की मंजूरी दी।
- प्रदेश के सभी जिलों में बारिश से खराब हुई सडकों की मरम्मत के लिए वित्त विभाग ने लगभग 799 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी की।

उदयपुर में आज से पर्यटन मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस शुरू हो रही है। दो दिन की इस कान्फ्रेंस की शुरूआत केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत तथा पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी करेंगे। कान्फ्रेंस में उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी सहित केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपाल तथा विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्री भाग लेंगे।

.....

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सभी से खादी को अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कल बीकानेर प्रवास के दौरान खादी ग्रामोद्योग भवन में क्षेत्रीय समग्र लोक विकास संघ के उद्घाटन के अवसर पर ये बात कही। उन्होंने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं बल्कि एक विचार है, जिसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जन–जन तक पंहुचाया है।

.....

श्री मेघवाल ने कल कई कार्यक्रमों के शिरकत की। उन्होंने राज्य सरकार तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से आयोजित एमएसएमई ऑनबोर्डिंग कार्यशाला में भी भाग लिया। साथ ही मुक्ताप्रसाद नगर में सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का शुभारम्भ किया।

अंता विधानसभा सीट पर उप चुनाव की निगरानी के लिए निर्वाचन विभाग ने 09 स्टेटिक सर्विलांस टीम और 09 उड़न दस्ते तैनात किए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए क्षेत्र में 13 अंतरराज्यीय और 5 अंतरजिला चेक पोस्टों की स्थापना की गई है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और अवैध गतिविधियों की शिकायत पर ये उडन दस्ते तुरंत संबंधित स्थल पर जाकर कार्यवाही कर रहे है। उन्होंने बताया कि राजनैतिक दलो और अभ्यर्थीयों द्वारा चुनाव प्रचार तथा अन्य गतिविधियों पर किये जाने वाले सभी खर्चो पर आयेग सघन निगरानी रख रहा है। अब तक लगभग 35 लाख रूपए की जब्ती की जा चुकी है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सीपीआर–कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जागरूकता सप्ताह की शुरूआत की गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने बताया कि इस सप्ताह का लक्ष्य सीपीआर के बारे में जागरूकता बढाना, साथ ही हर घर, स्कूल, दफ्तर और सार्वजनिक स्थान पर कम से कम एक ऐसे व्यक्ति को सक्षम बनाना है, जिसे जीवनरक्षक तकनीक आती हो। ताकि ये व्यक्ति जरूरत पडने पर किसी की जान बचा सके। ये सप्ताह 17 अक्टूबर तक चलेगा।

राज्य सरकार के 6 लाख कर्मचारियों को दीपावली बोनस दिया जायेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने वित्त मंत्री दीया कुमारी के बोनस दिये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। इनमें राज्य कर्मचारी जो ग्रेड–पे 4 हजार 800 रूपये या उससे कम वेतन ले रहे हैं, उन्हें वर्ष 2024–25 के लिये बोनस मंजूर किया गया है। बोनस पंचायत समिति और जिला परिषद कर्मचारियों को भी दिया जायेगा। बोनस का अतिरिक्त वित्तीय भार लगभग 406 करोड़ रूपये होगा।

जैसलमेर में टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 शुरू किया जायेगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा राज्य सरकार की ओर से चलाये जा रहे इस कैम्पेन का उद्देश्य युवाओं और बच्चों को तंबाकू से दूर रखना है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कैम्पेन के दौरान सघन जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से सभी विद्यालयों और ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त बनाने के प्रयास किये जायेंगे।

......

राज्य के सभी जिलों में बारिश से खराब हुई सडकों की मरम्मत के लिए वित्त विभाग ने लगभग 799 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी कर दी है। इस राशि से राज्य राजमार्गों, ग्रामीण सड़कों, मुख्य जिला सड़कों और शहरी सड़कों की स्थायी मरम्मत की जायेगी। सड़कों की मरम्मत इस तरह की जाएगी कि वे जल्दी खराब नहीं होगी, जल भराव नहीं होगा और दुर्घटनाएं कम होंगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर हाल ही में सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

पाली में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगायें जायेंगे। 132 स्थानों पर लगने वाले इन 260 से अधिक कैमरों को उन चिन्हित जगहों पर लगाया जायेगा, जहां महिलाओं की गतिविधियां ज्यादा रहती है।

.....

भरतपुर का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान इन दिनों पेन्टेड स्टॉर्क पक्षियों की चहचहाहट से गुंजायमान है। दक्षिण भारत से आने वाले ये पक्षी उद्यान में रौनक बढाने के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी दर्शा रहे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि उद्यान की झीलों में इन पक्षियों की अठखेलियां देखने बडी संख्या में पक्षी प्रेमी पंहुच रहे है।

......

राजस्थान उच्च न्यायालय ने दिवाली अवकाश के दौरान स्कूल का संचालन करने पर कार्रवाई का नोटिस देने से जुड़े मामले में जयपुर के छह बडे निजी स्कूलों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस संजीत पुरोहित की एकलपीठ ने यह आदेश इन निजी स्कूलों की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका के अनुसार विभाग ने याचिकाकर्ताओं को पिछले दिनों नोटिस जारी कर 13 से 24 अक्टूबर तक दिवाली अवकाश रखने को कहा था। साथ ही ऐसा नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनकी मान्यता तक रद्द करने को भी कहा गया, जबकि याचिकाकर्ताओं का कहना था कि राज्य सरकार के शिविरा पंचांग को निजी स्कूलों पर लागू करने का अधिकार नहीं है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कर्मचारी भविष्य निधि से जुडी विश्वास योजना की शुरूआत की है। केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कल नई दिल्ली में कर्मचारी भविष्य निधि के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की 238वीं बैठक में इस योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का उद्देश्य कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम के अंतर्गत दंडात्मक क्षतिपूर्ति को तर्कसंगत बनाकर मुकद्मेबाजी को कम करना है।